अमर उजाला फरीदाबाद amarujala.com नई दिल्ली मंगलवार, 28 फरवरी 2023

# स्लोगन में सोनी को पहला स्थान



**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व वैज्ञानिक डीआरडीओ गोपेश्वर दास रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कृष्णकांत ने की। इस मौके पर विज्ञान आधारित स्लोगन राइटिंग, प्रश्नोत्तरी, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन आदि प्रतियोगिताएं हुईं। स्लोगन में सोनी को पहला स्थान मिला।

गोपेश्वर दास ने छात्रों को रमन प्रभाव और इसके अनुप्रयोगों के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में विकसित हो रही नई तकनीकों के बारे में भी जागरूक किया। दास ने कहा कि मनुष्य के समग्र विकास के लिए मूल्य आधारित शिक्षा आवश्यक है। विज्ञान आधारित स्लोगन राइटिंग, प्रश्नोत्तरी, प्रेजेंटेशन प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इसमें अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की काजल ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में डीएवी शताब्दी की सोनी को पहला स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम न्यूटन राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। संवाद